भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1752
मंगलवार, 03 अगस्त, 2021/12 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन स्थलों पर रोजगार का सृजन**

**1752 श्री एम. शनमुगम:**
**श्री वाइको:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पर्यटन स्थलों पर रोजगार सृजन की प्रचुर संभावना पर ध्यान दिया है और संसाधनों के दोहन के लिए कोई पहल की है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे पर्यटन स्थलों के नाम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, जहाँ गत तीन वर्षों के दौरान स्थानीय लोगों को वास्तव में लाभ हुआ है; और

(ग) क्या सरकार की देश के प्रत्येक राज्य में विशेषकर तमिलनाडु में ऐसे नए पर्यटन स्थलों की पहचान करने की कोई योजना है जिन्हें अगले तीन वर्षों में विशेष रूप से तैयार किए गए मास्टर-प्लान के आधार पर बुनियादी पर्यटन सुविधाओं के साथ संभावित पर्यटन स्थलों के रूप में बढ़ावा दिया जा सकता है और विकसित किया जा सकता है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): जी हां। पर्यटन मंत्रालय ने सात प्रतिष्ठित स्थलों अर्थात आगरा में ताजमहल, दिल्ली में हुमायूं का मकबरा, लाल किला, क़ुतुब मीनार, बिहार में महाबोधि मंदिर, गोवा में कोलवा बीच और असम में काजीरंगा में गंतव्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2019-20 से प्रारंभ किया है जिसका उद्देश्य इन पर्यटन स्थलों एवं गंतव्यों के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करना, उनका उन्नयन करना और उन्हें जानकारी प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2020-21 में 44 गंतव्यो में जारी रखा गया है। राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) : तमिलनाडु राज्य सहित पर्यटन स्थलों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार स्वदेश दर्शन, प्रशाद तथा केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत पर्यटको को बेहतर पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/केंद्रीय एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनो के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन तथा पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

*******

**अनुबंध**

पर्यटन स्थलों पर रोजगार का सृजन के सम्बन्ध में दिनांक 03.08.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1752 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

| **क्रमांक** | **गंतव्य** | **राज्य** |
|---|---|---|
| 1 | एलीफेंटा गुफाएं | मुंबई |
| 2 | अम्बर फोर्ट | राजस्थान |
| 3 | श्री पद्मनाथस्वामी मंदिर | केरल |
| 4 | बेकल किला | केरल |
| 5 | लेह पैलेस | लद्दाख |
| 6 | भेड़ाघाट | जबलपुर |
| 7 | वैष्णो देवी ( कटरा ) | जम्मू और कश्मीर |
| 8 | भद्रवाह | जम्मू और कश्मीर |
| 9 | बद्रीनाथ | उत्तराखंड |
| 10 | गंगोत्री | उत्तराखंड |
| 11 | ग्वालियर का किला | मध्य प्रदेश |
| 12 | ताज महल आगरा | उत्तर प्रदेश |
| 13 | कैलाश नाथ मंदिर, कांचीपुरम | तमिलनाडु |
| 14 | महाबलीपुरम | तमिलनाडु |
| 15 | पहलगाम | जम्मू और कश्मीर |
| 16 | चेरापूंजी | मेघालय |
| 17 | लिविंग रूट ब्रिज | मेघालय |
| 18 | रामप्पा मंदिर, वारंगल | तेलंगाना |
| 19 | गोलकुंडा किला, हैदराबाद | तेलंगाना |
| 20 | मालनिथन | अरुणाचल प्रदेश |
| 21 | डूरजीलिंग | अरुणाचल प्रदेश |
| 22 | जीरो, लोअर सुबनसिरी | आंध्र प्रदेश |
| 23 | नामसाई , नामसाई जिला | आंध्र प्रदेश |
| 24 | हम्पी | कर्नाटक |
| 25 | ओरछा | मध्य प्रदेश |
| 26 | काजीरंगा | असम |
| 27 | कामाख्या मंदिर | असम |
| 28 | फ़ॉकलैंड, आइजोल | मिजोरम |
| 29 | फौंगपुई तांग (लवंगतलाई ) | मिजोरम |
| 30 | लियनछियारी लंगलेन तांग, डूंगतलांग (चम्फाई ) | मिजोरम |
| 31 | रीक (ममित) | मिजोरम |
| 32 | भीमबेटका के प्रागैतिहासिक शैलाश्रय | मध्य प्रदेश |
| 33 | रॉक-कट मंदिर | हिमाचल प्रदेश |
| 34 | ब्रह्म सरोवर | हरियाणा |

| | | |
|---|---|---|
| 35 | शेखचिल्ली का मकबरा | हरियाणा |
| 36 | मैकलोडगंज | हिमाचल प्रदेश |
| 37 | वैशाली | बिहार |
| 38 | आनंदपुर साहिब | पंजाब |
| 39 | पतरातू | झारखंड |
| 40 | मंगोलिया सूर्यास्त बिंदु | झारखंड |
| 41 | रामेश्वरम | तमिलनाडु |
| 42 | पन्ना | मध्य प्रदेश |
| 43 | स्वर्ण मंदिर अमृतसर | पंजाब |
| 44 | अग्रसेन की बावली | दिल्ली |

*******